राज्यपाल सचिवालय,
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल की प्रदेश में अपील का असर

कोरोना को मात देने के लिए *एकजुट हुए सभी धर्म के लोग*

प्रदेश के हर आंगन से निकली सामूहिक सदभाव की रोशनी

राज्यपाल ने जताया लोगों का आभार

राज्यपाल नौ मिनिट तक मोमबत्ती को लेकर खडे रहकर प्रदेश की खुशहाली के लिए चिंतन किया

जयपुर, 05 अप्रेल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र की प्रदेशवासियों से की गई अपील का असर यह रहा कि रविवार की रात 9 बजे से 9 मिनिट तक लगातार हर आंगन से निकली मोमबत्ती, दीपक, मोबाइल और टार्च की रोशनी से प्रदेश जगमगा गया। एक बारगी देखने से तो ऐसा लगा मानो प्रदेश से कोरोना के अंधियारे को मात देने के लिए प्रदेश में सभी धर्म के लोगों ने एकजुटता के साथ सामूहिक सदभाव की रोशनी करके खुशहाली का नया उजियारा ला दिया हो।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र राज भवन में अपने राजकीय आवास मुख्य भवन के द्वार पर रविवार की रात्रि 09 बजने से पहले ही अपने हाथ में मोमबत्ती लिए खडे हो गये। पूरे नौ मिनिट तक मोमबत्ती की रोशती में प्रदेश की खुशहाली के लिए चिंतन किया। प्रदेश की प्रथम महिला श्रीमती सत्यवती मिश्र और राज्यपाल के परिवारजन ने भी कोरोना को मात देने के इस हवन में अपनी आहूतियां दीं।

राज्यपाल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के आव्हान में प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति ने सोशल डिस्टेंसिग के नियमों का पालन करते हुए सकिय भागीदारी निभाई है। श्री कलराज मिश्र ने कहा कि इससे सामूहिक शक्ति का संचार हुआं। उन्होंने कहा कि यह सामूहिक रोशनी कोरोना वैश्विक महामारी को मात देने में कारगर कदम साबित होगी।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा कि देश हित के इस कार्य में लागों ने सराहनीय पहल की है। इस कार्य में सभी धर्मों और सभी जातियों के लोगों ने एक होकर देश हित को सर्वोपरि माना है। राज्यपाल ने इस एकजुटता के लिए प्रदेशवासियों का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि कोरोना जैसी महामारी से मुक्ति के लिए बचाव ही कारगर उपाय है। राज्यपाल ने कहा कि प्रदेशवासियों ने इस संकट की घडी में धीरज का परिचय दिया है, जिसके लिए राज्य का प्रत्यके नागरिक साधुवाद का पात्र है।

– – –

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा,
सहायक निदेशक, जनसम्पर्क,
राज्यपाल, राजस्थान